Regarding need to declare Samrat Ashoka?s birthday as National Holiday-Laid

श्री सुनील कुमार **(**वाल्मीकि नगर**) :** मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करते हुए सम्राट अशोक के जन्म- दिन प्रति वर्ष हिंदी मास चैत्र शुक्ल पक्ष के अष्टमी को अशोकाष्टमी के रूप में मनाया जाता रहा है I सम्राट अशोक की शासननीति, नीति शास्त्रों,शिलाशास्त्रों के लोककल्याणकारी प्रभाव को जन जन तक पहुँचाने का काम किया जाना चाहिए I राष्ट्रीय ध्वज में जो ?अशोक चक्र? है वह भारत का राष्ट्रीय चिन्ह हैI बिहार के माननीय मुख्यमंत्री जी सम्राट अशोक के जन्म दिन को राजकीय अवकाश घोषित किये है जो बहुत ही सराहनीय है I अत: मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि सम्राट अशोक के गौरवशाली इतिहास को देखते हुए इनके जन्म दिन (अशोकाष्टमी) हिंदी मास चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय अवकाश घोषित कर राष्ट्रीय पर्व की मान्यता देकर इस महापर्व को गति प्रदान करने का कृपा करें ।